4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×8=16**

भारतेन्दुयुगीन कविता की मुख्य विशेषताएँ बताइए ।

**अथवा**

प्रगतिवादी हिन्दी कविता की प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर लगभग **150-150** शब्दों में टिप्पणी कीजिए : **2×5=10**

(क) छायावादी काव्य की तीन प्रवृतियों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) आधुनिक काल की राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

(ग) समकालीन कविता की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) द्विवेदी युगीन काव्य की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** पर लगभग **150-150** शब्दों में टिप्पणियाँ कीजिए : **2×5=10**

(क) संक्षेपण किसे कहते हैं ? संक्षेपण प्रक्रिया की विधि बताते हुए संक्षेपण की प्रमुख विशेषताओं का परिचय दीजिए ।



**Roll No. ......................** **Exam Code : M-21**

# Subject Code—52158

## B. A. EXAMINATION

(Batch 2017) (Re-appear)

(Fifth Semester)

HINDI (Compulsory)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×5=10**

(क) 'उड़चल, हारिल, लिए हाथ में वही अकेला, ओछा तिनका ।
उषा जाग उठी प्राची में-कैसी बाट, भरोसा किन का!
शक्ति तेरे हाथों में-छूट न जाये यह चाह सृजन की;
शक्ति रहे तेरे हाथों में-रुक न जाये यह गति जीवन की !'

(ख) 'मैं रथ का टूटा पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंकों मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले ।'

(ग) 'दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आंगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद ।'

(घ) 'तुम किताबों से उठकर
बार-बार यहाँ क्यों चले आते हो
हमनें तुम्हें कलेण्डरों पर दे दिया है
जाओ घड़ियों और जूतों के ऊपर रहो
आदमियों के ऊपर इस वक्त खतरा है ।'

**2.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1×8=8**

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का साहित्यिक परिचय दीजिए ।



**अथवा**

पाठ्य-पुस्तक में संकलित धर्मवीर भारती की कविताओं में वर्णित समस्याओं को स्पष्ट कीजिए ।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर **150-150** शब्दों में दीजिए : **4×4=16**

(क) 'यह दीप अकेला' कविता में निहित आधुनिक भाव बोध को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'रथ का टूटा पहिया' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि ने समाज को क्या संदेश दिया है ?

(ग) नरेश मेहता की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(घ) नागार्जुन जनसाधारण के प्रतिनिधि कवि हैं-स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) 'काला नंगा बच्चा पैदल' शीर्षक कविता ने कवि ने जिस ज्वलन्त समस्या का उल्लेख किया है, उस पर अपने विचार अभिव्यक्त कीजिए ।

(च) 'परिवार की खाड़ी में' वर्णित समस्या पर प्रकाश डालिए ।

(छ) 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है ?

(ज) निराला की पुत्री का नाम लिखिए ।

(झ) 'कामायनी' के रचयिता कौन हैं ?

(ञ) नागार्जुन का जन्म कब हुआ ?



(ख) प्रधान मंत्री को एक निजी पत्र लिखिए, जिसमें सीमा पर हुए शहीदों के परिवार को पर्याप्त सुविधा देने की माँग की गई हो ।

(ग) अच्छे पत्र की क्या विशेषताएँ होती हैं ?

(घ) पल्लवन का अर्थ बताते हुए उसकी प्रक्रिया के नियमों का उल्लेख कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(क) 'नदी के द्वीप' कविता के कवि का पूरा नाम लिखिए ।

(ख) संक्षेपण की भाषा किस पुरुष में होनी चाहिए ?

(ग) 'कागज के फूल' किसकी रचना है ?

(घ) छायावादी कविता की समय-सीमा क्या मानी जाती है ?

(ङ) 'प्रेत का बयान' कविता में किसके जीवन का वर्णन है ?

(च) अज्ञेय को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?